राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

## जादूगर सम्राट शंकर ने जादूकृकला प्रदर्शन के साथ ही अपनी कला—यात्रा के बारे में दी जानकारी

## राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 6 फरवरी। सुप्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर ने सोमवार को राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद उन्होंने राजभवन में अपनी जादू कला का प्रदर्शन भी किया। उन्होंने जादूगरी कला से जुड़े विभिन्न करतब दिखाते हुए अपनी चार दशक से जारी जादू कलाकृयात्रा के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने जादूगर सम्राट शंकर की जादूकला की सराहना करते हुए शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया तथा उनकी कला—यात्रा को महत्वपूर्ण बताया।

—————